CODE: 46

**Booklet Serial No.**

**Signature Invigilator**

# Maulana Azad National Urdu University
## PhD Hindi
## Entrance Test 2026
## Question Paper cum Answer Script

Hall Ticket No.

OMR Serial No.

**Time: 2hrs** **Maximum Marks: 70**

**INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES**

1. Candidate should write their Hall Ticket number and OMR number on the space provided above. Candidate should not write their Hall Ticket and OMR number at any other place.
2. This question booklet contains (**12**) pages. The Candidate should check the booklet before taking the Test. In case of any discrepancy, a new booklet may be provided by the Invigilator.
3. The question booklet consists of Part A and Part B. Part A contains 50 multiple-choice questions, each with four options. The candidate must select the correct answer and mark the corresponding circle on the OMR sheet using a blue or black ballpoint pen. Each question carries one mark. No marks will be awarded if the correct answer is not properly marked against the corresponding question number in the OMR sheet. Further, if more than one option is marked for any question, no marks will be awarded for that question.
4. Part B consists of four descriptive questions, each carrying 5 marks. The answers must be written only in the 8-page answer booklet provided. No additional answer booklet will be issued.
5. There are no Negative marks.
6. At the end of Entrance Test, candidates are allowed to take their question booklet and handover the OMR Sheet and answer booklet to the Invigilator.

***

CODE: 46

## भाग-A (SECTION-1)

## (अनुसंधान प्रविधि) (RESEARCH METHODOLOGY)

1. सर्वेक्षण विधि में नियंत्रण की आवश्यकता -
   (A) अत्यधिक होती है (B) सामान्य होती है।
   (C) आंशिक होती है। (D) उपर्युक्त सभी है।

2. एक उत्तम केस स्टडी की कसौटी है -
   (A) सत्यता (B) प्रदत्त पूर्णता
   (C) प्रदत्त वैधता (D) उपर्युक्त सभी

3. घोषित परिकल्पना से तात्पर्य है-
   (A) विभिन्न चरों के मध्य संबंधों की घोषणा करना।
   (B) विभिन्न चरों के मध्य पूर्व अपेक्षित सहसंबंधों को व्यक्त करना।
   (C) उपर्युक्त दोनों असत्य हैं।
   (D) उपर्युक्त दोनों सत्य हैं।

4. शोध-लेख की अपेक्षा शोध-पत्र अधिक प्रभावशाली माने जाते हैं, क्योंकि ये होते हैं-
   (A) प्रदत्त जनित (B) सांख्यिकीय अविष्टित
   (C) उपर्युक्त A (D) उपर्युक्त A और B

5. एक अनुसन्धान के सम्मलेन में प्रायः नहीं होते हैं -
   (A) जनसाधारण व्यक्ति (B) सम्मलेन अध्यक्ष
   (C) विषय-विशेषज्ञ (D) स्थायी सदस्य

6. आप अपने अनुसन्धान का प्रतिवेदन प्रारूप तैयार करने से पूर्व सलाह करेंगे-
   (A) अपने वरिष्ठ साथियों से
   (B) अपने पूर्वगामियों के कार्यों को देखकर
   (C) अपने पर्यवेक्षक से
   (D) उपर्युक्त सभी

7. अनुसन्धान का प्रत्येक शब्द होना चाहिए -

(A)विवेकपूर्ण (B) औचित्यपूर्ण

(C)दोनों में A और B (D) इनमें में कोई नहीं

8. अनुसंधान के प्रमुख भाग हैं-

(A) मुख पृष्ठ, पूर्व तथा पश्च भाग

(B) मुख पृष्ठ- प्रमुख शरीर

(C) मुख पृष्ठ - पृच्छ भाग

(D)उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. अनुसन्धान नैतिक नहीं माना जाता है, यदि -

(A) यह प्रतिवादी की गोपनीयता और अनामिता सुनिश्चित नहीं करताहै।

(B) यह वैज्ञानिक दृष्टि से आंकड़ों की जाँच नहीं करता है।

(C) यह बहुत ही उच्च स्तर का नहीं है।

(D)यह एक विशेष बात को साबित करने की कोशिश करता है।

10. अनुसंधान परिकल्पना का तात्पर्य यह है -

(A) चरो के बीच में संभावित संबंधों का विवरण देना।

(B) वर्तमान शोध की समीक्षा करना।

(C) प्रश्नों का उत्तर देना।

(D) उपर्युक्त में कोई नहीं है?

11. नीति शास्त्र का संबंध है-

(A) व्यक्ति की मान्यताओं से

(B) अधिनियम की प्रकृति से

(C) नगरिक नियम एवं अधिकारों से

(D) उपर्युक्त सभी

12. 'अनुसन्धान एक सौन्दर्यबोध युक्त प्रक्रिया है' यहाँ पर सौन्दर्य बोध से अभिप्राय है -
    (A) अनुसन्धान की विषयवस्तु की सुन्दरता से
    (B) अनुसन्धान में शोध मूल्यों की पूर्ति से
    (C) अनुसन्धान के बाहय स्वरूप की सुन्दरता से
    (D) उपर्युक्त सभी

13. अनुसन्धान के सौन्दर्यबोध का निम्नलिखित बिंदु नहीं है -
    (A) अनुसन्धान एक वैज्ञानिक खोज है।
    (B) अनुसन्धान विश्वसनीय प्रक्रिया है।
    (C) अनुसन्धान मानव सभ्यता की पूँजी नहीं है।
    (D) अनुसन्धान सर्वहिताय होता है।

14. निम्नलिखित साक्ष्य सामग्री का प्राथमिक स्रोत नहीं है -
    (A) मूल पुस्तकें
    (B) पांडुलिपियाँ
    (C) शोध-पत्र
    (D) अनूदित पुस्तकें

15. विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाता है-
    (A) विद्‌यालयों में
    (B) जिला स्तर पर
    (C) कक्षा में
    (D) उपर्युक्त सभी

16. प्रयोगात्मक विधि एक प्रकार मेंनहीं है-
    (A) एक समूह प्रयोग
    (B) क्रमावर्तन समूह प्रयोग
    (C) रेजीड्‌यु समूह प्रयोग
    (D) सामानांतर समूह प्रयोग

17. एक शोध कार्यशाला की सीमा है -
    (A) समय की उपलब्धता
    (B) क्रियात्मकता पर विशेष बल
    (C) विशिष्ट शोध सामग्री की आवश्यकता
    (D) उपर्युक्त सभी

18. कार्यशाला का भावात्मक उद्देश्य नहीं है-
    (A) अनुसन्धान विद्या में निपुणता
    (B) तात्कालिक समस्याओं के प्रतिसक्रियता
    (C) वर्तमान समस्या क्षेत्रों के प्रति जागरूकता
    (D) उपर्युक्त सभी

19. एक शोधकर्ता द्वारा किसी प्रयोग में उपयोग किये जाने वाले चरों को क्या कहा जाता है ?
    (A) बाह्य चर    (B) प्रतिक्रिया चर
    (C) स्वतन्त्र चर    (D) निर्भर चर

20. अनुसंधान का संधि-विच्छेद किन दो शब्दों से होता है?
    (A) अ+नुसंधान    (B) अनु+संधान
    (C) अउ+संधान    (D) अन:+संधान

21. एक न्यादर्श कीपरिसीमाएँ हैं -
    (A) न्यादर्शइकाइयों की अस्थिरता
    (B) पक्षपात की संभावना
    (C) प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता
    (D) उपर्युक्त सभी

22. न्यादर्श के प्रकार है-

(A) संभाव्य न्यादर्श (B) असंभाव्य न्यादर्श

(C) उपर्युक्त A और B (D) कोई नहीं

23.अनुसंधान की सैद्धांतिक समस्या है -

(A) नवीन सिद्धांतों की खोज (B) दर्शन संबंधी

(C) समाज से संबंधित (D) ऐतिहासिक

24. 'परिकल्पना'को कहते हैं -

(A) विचारयुक्त कथन (B) अग्रगामी कथन

(C) अस्थाई समाधान (D) उपर्युक्त सभी

25. सूची A के साथ सूची B का मिलान कीजिये और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये।

| | |
|---|---|
| a. ऐतिहासिक विधि | I. अतीत की घटनाएँ |
| b. सर्वेक्षण विधि | II. दृष्टि |
| c. दार्शनिक विधि | III. वर्तमान आयोजन |
| d. प्रायोगिक विधि | IV. भविष्य की क्रिया |

(A) a-I,b-III,c -II, d-IV

(B) a-II ,b-I,c -III,d-IV

(C) a-I,b-II,c -III,d-IV

(D) a-II,b-III,c -I,d-IV

CODE: 46

## SECTION-2

## (हिंदी विषय)

26. कामता प्रसाद गुरु के अनुसार निम्नलिखित का हिंदी भाषा की उत्पत्ति के अनुसार सही क्रम है।

A) शौरसेनी B) नागर अपभ्रंश C) पश्चिमी हिंदी D) वर्तमान हिंदी

(A) A,B,C,D (B) B,C,D,A

(C) C,D,A,B (D) D,A,B,C

27.'सीढ़ियों का ठेका' किस विधा की रचना है?

(A) उपन्यास (B) नाटक

(C) कहानी (D) संस्मरण

28. सन् 1936 ई. से सन् 1943 ई. की अवधि में लिखी गयी रचनाएँ क्या कहलाती हैं?

(A) सामाजिक कविता (B) प्रगतिवादी

(C) जातिवादी कविता (D) इनमें से कोई भी नहीं है

29. निम्नलिखित में से अज्ञेय की रचना नहीं है -

(A) चिंता (B) हरी घास पर क्षण भर

(C) बावरा अहेरी (D) शबरी

30. 'मुर्दों का गाँव' कहानी के लेखकहैं।

(A) अज्ञेय (B) प्रेमचंद

(C) धर्मवीर भारती (D) भवानीप्रसाद

31.'तमस' किसकी रचना है?

(A) भीष्म साहनी (B) धीरेन्द्र वर्मा

(C) रामविलास शर्मा (D) मिश्र बंधू

32. 'कृष्णा सोबती की रचना कौन सी है?

(A) सलाम आखिरी (B) मित्रो मरजानी

(C) ठीकरे की मंगनी (D) शेष कादम्बरी

33. 'पद्‌मावत' किसकी रचना है?

(A) तुलसीदास (B) रहीम (C) जायसी (D) कुतुबन

34."मैं पुनि निज गुरुसन सुनी, कथा सो सूकरखेत" यह पंक्ति किसकी है?

(A) सूरदास (B) कबीर (C) तुलसीदास (D) मीरा

35. 'सुजान सागर' किसकी रचना है?

(A)देव (B) केशवदास (C)चिंतामणि (D) घनानंद

36 चंद्रधर शर्मा गुलेरी का जन्म कब हुआ?

(A) 1882 (B) 1883 (C) 1884 (D) 1885

37. "शब्दार्थौं सहितौ काव्यम्।" यह किसकी उक्ति है?

(A) भामह (B) वामन (C) भरतमुनि (D) दंडी

38. निम्नलिखित रचनाओं के लेखकों को सुमेलित कीजिए -

| | |
|---|---|
| 1) जयप्रकाश कर्दम | a)नीला आकाश |
| 2) सुशीला टाकभौरे | b) गूँगा नहीं था मैं |
| 3)आज बाजार बंद है | c)उमराव सिंह जाटव |
| 4)थमेगा नहीं विद्रोह | d)मोहनदास नैमिशराय |

(A) 1-d, 2-c, 3-b, 4-a

(B) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

(C) 1-a, 2-d, 3-c, 4-b

(D) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d

39. 'दादा कामरेड' उपन्यास के लेखक कौन हैं?

(A) यशपाल (B)प्रेमचंद

(C) भीष्म साहनी (D)निराला

40. "कविता कल्पना और संवेग के द्वारा जीवन की व्याख्या है।" यह किसका कथन है -

(A) ड्राइडन (B) हडसन

(C) वर्ड्सवर्थ (D) पी.बी. शैली

41. निजामुद्दीन औलिया किसके गुरु माने जाते हैं?

(A) अमीर खुसरो (B) जायसी

(C) इब्राहीमलोदी (D) कुतुबन

42. 'कठगुलाब' उपन्यास के निम्नलिखित पात्र हैं-

(A)किशोर, सारंग, सुजीत (B) नर्मदा,मारियान, गौतम

(C) विपिन, नर्मदा, असीमा (D) सोमा, ताई, विपिन

43. निम्नलिखित रचनाओं के लेखकों को सुमेलित कीजिए -

1)यातना का एक दिन a)एम. मुबीन

2)कबीर का मोहल्ला b) मज्कूर आलम

3)तीस बरस बाद मैं c)हसन जमाल

4)फूलों का बाड़ा d)मो. आरिफ

(A) 1-d, 2-c, 3-b, 4-a

(B) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

(C) 1-a, 2-d, 3-c, 4-b

(D) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d

44. जिस वस्तु की तुलना की जाती है उसे -
   (A) उपमेयकहते हैं।
   (B) उपमान कहते हैं।
   (C) साधारण धर्म कहते हैं।
   (D) अलंकर कहते हैं।

45. भारतीय समीक्षा के जनक कौन है?
   (A) भामह
   (B) राजशेखर
   (C) वामन
   (D) हेमचन्द्र

46. आचार्य शुक्ल के अनुसार कविता का प्राण क्या है?
   (A) रीति
   (B) वक्रोक्ति
   (C) रस
   (D) अलंकार

47. 'माटी की मूरतें' के रचनाकार हैं-
   (A) महादेवी वर्मा
   (B) रामवृक्ष बेनीपुरी
   (C) दिनकर
   (D) मन्नू भंडारी

48. 'सलाम' कहानी किसकी है?
   (A) जयप्रकाश कर्दम
   (B)ओम प्रकाश वाल्मीकि
   (C) सुशीला टाकभौरे
   (D) मोहनदास नैमिशराय

49. 'आधा गाँव' किसकी रचना है?
   (A) अब्दुल बिस्मिल्लाह
   (B) नासिरा शर्मा
   (C) मेहरुन्निसा परवेज
   (D) राही मासूम रजा

50. पश्चिमी हिंदी का विकास -
   (A) शौरसेनी से हुआ है।
   (B) हरियाणवी से हुआ है।
   (C) पहाड़ी हिंदीसे हुआ है।
   (D) कौरवी से हुआ है।

**CODE: 46**

## भाग- B

## (DESCRIPTIVE)

निम्नलिखत सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(5X4=20)**

**(RESEARCH METHODOLOGY)**

1. अनुसंधान का अर्थ बताते हुए, इसके प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।
2. शोध कार्य के महत्व को समझाईए।

## HINDI - हिंदी विषय

3. छायावादी काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
4. वर्तमान समय में विविध विमर्शों की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए।

***

# Rough Work